जमुई जिलान्तर्गत राजकीय अनुसूचित जनजाति बालक आवासीय उच्च विद्यालय, बामदह जमुई के परिसर में 100 आसन वाले छात्रावास भवन का निर्माण कार्य हेतु दिनांक 08.03.2017 को प्राप्त निविदा के तकनीकी बीड निस्तार के लिए दिनांक 12.07.2018 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की आहूत बैठक की कार्यवाही:-

---

उपस्थिति:

1. श्री **राम सागर प्रसाद,** मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — अध्यक्ष
2. श्री **तपेश्वर प्रसाद साह,** महाप्रबंधक(वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
3. श्री **रंजित प्रसाद सिंह,** महाप्रबंधक(दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
4. श्री **आशुतोष,** उप महाप्रबंधक, पी0 आई0 यू0, मुंगेर। — सदस्य

कार्यवाही:-

ज़मुई जिलान्तर्गत राजकीय अनुसूचित जनजाति बालक आवासीय उच्च विद्यालय, बामदह जमुई के परिसर में 100 आसन वाले छात्रावास भवन का निर्माण कार्य हेतु ई-टेन्डर के माध्यम से निविदा प्राप्त की गयी थी, जिसका प्रसारण दैनिक समाचार पत्र ''हिन्दुस्तान'' में दिनांक 10.02.2018 को की गयी थी, जिसका पी0आर0 सं0-13584 नि0नि0 2017-18 है।

इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति कुल ₹345.61 लाख मात्र की प्राप्त है एवं प्रावैधिक स्वीकृति की राशि कुल ₹375.693 लाख मात्र है तथा परिमाण-विपत्र की राशि ₹3,32,96,979.00 मात्र है।

इस निविदा में चार निविदादाताओं द्वारा भाग लिया गया। जिनके द्वारा अपलोड किए गए कागजातों को उप-महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, मुंगेर द्वारा डाउनलोड कर समर्पित किया गया जिसका तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया जो निम्नवत्त है:-

प्रथम निविदादाता संजय कुमार टेक्नोक्रेट प्रा0 लि0, मु0-इंदाय, स्टेशन रोड, पो0+जिला-शेखपुरा के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा दिया गया अग्रधन की राशि उप-महाप्रबंधक, बी0एस0बी0सी0सी0एल0, मुंगेर के नाम से प्रतिज्ञिप्त नही है। अतएव एस0बी0डी0 की कंडिका 16-1 के तहत नॉन-रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं इन्हें तकनीकी बीड में असफल घोषित किया जाता है।

द्वितीय निविदादाता ''मेसर्स क्लाशीकॉन कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, द्वितीय तल, जे0 जे0 काम्पलेक्स, ईस्ट बोरिंग कैनाल रोड, पटना-01'' के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा दिया गया बैंक क्रेडिट फैसिलीटी सशर्त है। अतएव एस0बी0डी0 की कंडिका 4.2(i) के तहत नॉन-रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं इन्हें तकनीकी बीड में असफल घोषित किया जाता है।

तृतीय निविदादाता आशीष रंजन, तहवाल विघा, गोविन्दपुर, जिला-नवादा के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरांत इन्हें एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं के तहत रिस्पॉन्सिव पाया गया। अतएव इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है।

तृतीय निविदादाता संजय कुमार, रामपुर, जिला-गया के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरांत इन्हें एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं के तहत रिस्पॉन्सिव पाया गया। अतएव इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है।

सम्यक् विचारोपरांत समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त कार्य की निविदा की वैद्यता 17.03.2018 को समाप्त होने के कारण निविदा रद्द कर पूनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया। तद्‌लोक में मुख्य महाप्रबंधक नियमानुसार निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा आमंत्रित करेंगे।

इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर डाली जाय।

(आशुतोष)	12-7-18 (रंजित प्र0 सिंह)	Tapeshwar 12.07.18. (तपेश्वर प्र0 साह)	(राम सागर प्रसाद)
उप महाप्रबंधक,	महाप्रबंधक (दक्षिण),	महाप्रबंधक (वित्त),	मुख्य महाप्रबंधक
पी0आई0यू0, मुंगेर।	बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना।	बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना।	बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना।